
# नागरी बुलेटिन

त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका

अंक 10 (अप्रैल – जून 2024)



देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

गुलावठी, बुलंदशहर (उ.प्र.)

(संबद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)

**संरक्षक**

प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी (प्राचार्य)

नागरी बुलेटिन एक त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका है जिसे देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, जनपद बुलंदशहर द्वारा जारी किया जाता है।

© देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी 2024
सर्वाधिकार सुरक्षित।

**Designed and Prepared By**

Bhavnit Singh Batra, Assistant Professor (Economics)

# Institutional Head



**Shri Narendra Kumar**

President, College Management Committee



**Prof. Yougesh Kumar Tyagi**

Principal

# College Faculty



**Mr. Atul Tomar**

Assistant Professor

Department of Mathematics



**Dr. Vinita Garg**

Assistant Professor

Department of Chemistry



**Dr. Mahendra Kumar**

Associate Professor

Department of English



**Dr. Pushpendra Kumar Mishra**

Assistant Professor

Department of Political Science



**Dr. Awadhesh Kumar Singh**

Assistant Professor

Department of Physical Education



**Mr. Peeyush Tripathi**

Assistant Professor

Department of Political Science



Mr. Haridutt Sharma

Assistant Professor

Department of Sanskrit



Mr. Bhavnit Singh Batra

Assistant Professor

Department of Economics



Dr. Sandeep Kumar Singh

Assistant Professor

Department of Hindi



Dr. Vinay Kumar Singh

Assistant Professor

Department of Chemistry



Mr. Naresh Kumar

Assistant Professor

Department of Physics



Mr. Navin Tomar

Assistant Professor

Department of Physical Education



Mr. Krishna Kumar

Assistant Professor

Department of Sociology



Dr. Harish Kumar Kasana

Assistant Professor

Department of Hindi



Mr. Shashi Kapoor

Assistant Professor

Department of Sociology



Mr. Shyam Prakash

Assistant Professor

Department of Mathematics



Mr. Amit Kumar

Lecturer

M.A. Economics (Self-Finance)

# समाचार

College celebrated Dr. Bhimrao Ambedkar Jayanti

14 April 2024

## डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर वैचारिकी समकालीन परिप्रेक्ष्य विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** देव नागरी महाविद्यालय में आयोजित इस राष्ट्रीय वेबिनार के मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर विकास सिंह गौतम ने कहा कि डॉ अंबेडकर को दलित नेता के रूप में सीमित करना उनके व्यक्तित्व के साथ अन्याय है। प्रचलित धारणा के विपरीत डॉ आंबेडकर एक बड़े अर्थशास्त्री, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार व राजनेता के रूप में भी जाने जाते हैं। समानता के बिंदु पर अंबेडकर व कार्ल मार्क्स के बीच समानता के बावजूद उसके स्वरूप तथा उसे प्राप्त करने के तरीके को लेकर दोनों के मध्य मतभेद थे। जहां पर मार्क्स पाश्चात्य समाज में वर्ग संघर्ष की बात कर रहे थे,वहीं अंबेडकर ने भारतीय समाज में समानता की प्राप्ति में जातिभेद के उन्मूलन को महत्वपूर्ण माना। जहां मार्क्स ने हिंसा के द्वारा समानता प्राप्ति पर जोर दिया वहीं अंबेडकर सामाजिक न्याय के लिए लोकतांत्रिक तरीके में विश्वास रखते थे। गांधी तथा अंबेडकर के बीच जाति भेद के उन्मूलन को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि जहां गांधी का विकास मॉडल ग्राम स्वराज पर आधारित था वहीं अंबेडकर ने जाति भेद को समाप्त करने तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए शहरीकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि डॉ आंबेडकर अपने समय के सबसे बड़े मनीषी थे। उन्होंने भारत को एक ज्यादा समावेशी लोकतंत्र बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। विषय प्रवर्तन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत का इतिहास सामाजिक व धार्मिक क्रांति का इतिहास है। बुद्ध, कबीर और राजा राममोहन राय की तरह ही डॉ अंबेडकर समकालीन भारत में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत रहे हैं। वेबीनार का सार संक्षेप पीयूष त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया तथा मुख्य वक्ता का परिचय कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ महेंद्र कुमार ने दिया। डॉ संदीप कुमार सिंह ने आभार ज्ञापन किया। इस

## महाविद्यालय द्वारा शिविर लगाकर राहगीरों को पिलाया शीतल शर्बत

21 May 2024

# महाविद्यालय द्वारा शिविर लगाकर राहगीरों को पिलाया गया शीतल शरबत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, की रोवर एण्ड रेंजर्स इकाई के तत्वावधान में महाविद्यालय के मुख्य गेट पर शीतल जल शिविर लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने फीता काटकर किया । अपने वक्तव्य में प्राचार्य ने रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई के निःस्वार्थ सेवा भाव की प्रशंसा की तथा गर्मी के दिनों में शरबत वितरण को एक परोपकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के निःस्वार्थ कार्य से अनुशासन, सेवाभाव तथा समूह में कार्य करने के कौशल का विकास होता है। जिला संगठन आयुक्त पवन कुमार राठी ने महाविद्यालय की रोवर एंड रेंजर्स इकाई द्वारा किए गए निःस्वार्थ सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि निःस्वार्थ सेवा ही परम धर्म है और यही रोवर एंड रेंजर्स का ध्येय भी है । रसायन शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. विनिता गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय की रोवर एंड रेंजर्स इकाई समाज में निःस्वार्थ कार्यों में सहर्ष बढ़ चढ़ कर भागीदारी करती है। रोवर्स अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय की रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई महाविद्यालय के साथ-साथ जनपद स्तर पर भी सराहनीय कार्य कर रही है। महाविद्यालय के रोवर्स एंड रेंजर्स गत प्रदेश स्तर तक अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर-के लौटे है। कार्यक्रम में अतुल तोमर, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ पुष्पेंद्र मिश्र, पीयूष त्रिपाठी, हरिदत्त शर्मा, भवनीत बत्रा, डॉ संदीप कुमार सिंह, डॉ विनय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार, डॉ हरीश कसाना शशि कपूर, श्याम प्रकाश, डॉ. अमित कुमार तथा रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई के सदस्य अनुज, पप्पू, विशाल, मोनी, अनुज अम्बेडकर, अर्पिता गोयल, उमेश, यशिका यादव, अंजली, पिंकी, सुमित आदि ने सहयोग किया।

One day workshop on Research Projects organized

10 June 2024

# देवनागरी महाविद्यालय गुलावठी के द्वारा हुआ एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**गौरव शर्मा,उजाला हितेषी एक्सप्रेस, गुलावठी।**

राजनीति विज्ञान विभाग, देवनागरी महाविद्यालय, गुलावठी बुलंदशहर द्वारा परियोजना कार्य के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संयोजक डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने परियोजना कार्य के महत्व, उसकी रूपरेखा, प्रतिदर्श चयन, प्रक्कल्पना, उपलब्ध साहित्य का सर्वेक्षण तथा अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा की राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के परियोजना कार्य का मूल्यांकन १२, १३ और १४ जून को प्रस्तावित है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी अपने परियोजना कार्य के साथ विभाग में संपर्क करें। महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग द्वारा पृथ्वी में जीवन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। शहीद मंगल पांडेय राजकीय महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ रोशन लाल ने अपने संबोधन में बताया कि पूरे ब्रह्मांड में पृथ्वी ही एक ऐसा ग्रह है जिसमें जीवन है और इस जीवन के लिए पानी और महत्वपूर्ण गैस जैसे नाइट्रोजन,ऑक्सीजन,कार्बन डाइऑक्साइड आदि का महत्वपूर्ण योगदान है। इनका संतुलन मनुष्य और जीव जंतुओं के जीवन के लिए लिए बहुत आवश्यक है।

इनका संतुलन बिगड़ने पर समस्त जीव जंतुओं का अस्तित्व संकट में आ जाएगा।

आज अगर हम लोगों ने पर्यावरण को नहीं बचाया तो हम लोग ही अपने आप को नष्ट कर लेंगे।

महाविद्यालय का प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने अपने संदेश के माध्यम से पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए सघन वृक्षारोपण की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनिता और डॉ. विनय कुमार सिंह ने सेमिनार में संबोधन के लिए सहायक आचार्य रोशन लाल का अभार व्यक्त किया।

Chemistry Department organizes Guest lecture on Spectroscopy

13 June 2024

# रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम डी.एन.पी.जी.

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ. अनुज कुमार बालियान ने विज्ञान की नई तकनीक स्पेक्ट्रोस्कोपी पर व्याख्यान दिया अपने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि स्पेक्ट्रोस्कोपी की मदद से हम किसी भी ग्रह में उपस्थित वायुमंडल और उसमे उपस्थित मैटेरियल का आकलन हम अपने ग्रह से कर सकते है। भारत में सर सी.वी. रमन ने रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी का आविष्कार किया था।

स्पेस रिसर्च में अग्रणी देश स्पेक्ट्रोस्कोपी की मदद से किसी भी ग्रह में उपस्थित महत्वपूर्ण तत्वों की जानकारी लेकर उनका दोहन करने का प्रयास कर रहें है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.विनय कुमार सिंह ने बताया कि एम.आर.आई. स्पेक्ट्रोस्कोपी की मदद से हम शरीर में उपस्थित ट्यूमर का पता करके उसका उपचार कर सकतें है। कालेज प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार ने कहा कि स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक में नए अनुसंधान मानव जीवन प्रत्याशा को बढ़ाने में सहयोग करेगी। रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता ने महत्वपूर्ण संबोधन के लिए डॉ. अनुज कुमार बालियान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री भूपेंद्र कुमार और गोपाल सिंह राणा उपस्थित रहे।

College students and faculty take Yoga pledge

15 June 2024

जी न्यूज इंडिया
www.gnewsindia.in

सुविचार -
समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

Saturday, 15-06-2024
दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, बिहार,राजस्थान
UP58D0005656 Contact no- 7060000285,286,287
Email- gnewsindiatv@gmail.com Subscription 500₹per month

# योग मनुष्य को निरोगी बनाता है तथा संकल्प शक्ति में वृद्धि करता है____प्राचार्य प्रोफेसर योगेश त्यागी



ज़ी न्यूज इंडिया ब्यूरो चीफ राजीव अग्रवाल

**देवनगरी महाविद्यालय गुलावठी बुलंदशहर में 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पृष्ठभूमि में राजभवन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने योग करने की सामूहिक शपथ**

बुलंदशहर/गुलावठी देवनगरी महाविद्यालय गुलावठी बुलंदशहर में 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पृष्ठभूमि में राजभवन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने योग करने की सामूहिक शपथ ली। सांस्कृतिक परिषद के मुख्य संयोजक डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि विश्व योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार की ओर से गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके पालन में राजभवन के द्वारा प्रत्येक विश्वविद्यालय को आधिकाधिक संख्या में योग की शपथ दिलाने तथा योग को जीवन में आत्मसात करने के लक्ष्य दिए गए हैं जिनकी पूर्ति हेतु विद्यार्थियों को योग करने की शपथ दिलाई गई।

प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि योग मनुष्य को निरोगी बनाता है तथा संकल्पशक्ति में वृद्धि करता है।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य हरित शर्मा ने कहा की योग का अर्थ जोड़ना है यह मन को शरीर से तथा अंतस को बाह्य से जोड़ता है। अर्थशास्त्र के सहायक अध्यापक भवानी सिंह बत्रा ने कहा कि स्वस्थ रहने से देश के आर्थिक संसाधनों का प्रयोग क्षमता निर्माण में किया जा सकेगा। डॉ महेंद्र कुमार ने कहा कि भारत योग का अंतरराष्ट्रीय ब्रांड बन चुका है। डॉ संदीप कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को विद्यार्थियों को किसी शारीरिक गतिविधि में सक्रिय रहने की सलाह दी। अतुल तोमर ने कहा की योग करने से मानसिक विकास होता है। नरेश कुमार तथा श्याम प्रकाश ने नए विद्यार्थियों से अपील की के प्रत्यक्ष छात्र गूगल लिंक के माध्यम से विश्व रिकार्ड बनाने में अपना योगदान दे।

जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (रजि0)
JOURNALIST ASSOCIATION OF INDIA (Reg.)
Delhi Office : N-28, Ground Floor, Shri Niwas Puri, New Delhi-110065
Camp Office : 2nd Floor Raj Complex, Arya Samaj Road, Muzaffarnagar-25100
E-mail : journalistsjai@gmail.com Contact No. : 9456012686

## College celebrates Yoga Diwas

21 June 2024

# देवनागरी कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया योग दिवस समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गुलावठी (सैय्यद मजहर)**। देवनागरी कॉलेज में इस वर्ष भी दसवें योग दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस वर्ष की योग दिवस की थीम है- 'स्वयं और समाज के लिए योग'।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10.30 बजे हुई। सभी छात्र छात्राएं एवं संकाय सदस्यगणों ने समय पर उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाया।

योग सत्र का संचालन अवधेश कुमार सिंह, सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा द्वारा किया गया एवं उपस्थित सभी लोगों को योगाभ्यास कराया गया।

प्रोफेसर एवं प्राचार्य योगेश कुमार त्यागी ने आशीर्वाद एवं संदेश देते हुए कहा कि आप सभी के स्वस्थ और समृद्ध जीवन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। आप सब लोग योग को अपनी दिनचर्या में आवश्यक रूप से शामिल करें और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएँ।" प्रोफेसर पी. के. मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि योग व्यायाम मात्र ही नहीं है बल्कि स्वयं का विश्व एवं प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। प्रोफेसर नरेश कुमार ने कहा कि योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अन्दर जागरुकता उत्पन्न करता है' इस समारोह में अंकित कुमार, सुमित कुमार, प्रज्ञा, खुशबू, अनुज, हर्ष, नीतीश, प्रमोद शिवम, कुमकुम सहित बडी संख्या में छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

## Alumni Meet organized

23 June 2024

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

नोएडा-गाजियाबाद आसपास

# डीएन कॉलेज में आयोजित किया गया पुरातन छात्र सम्मेलन, 60 से अधिक पुरातन छात्रों ने लिया भाग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)।** इस सम्मेलन की अध्यक्षता कॉलेज से सन 1973 के पासआउट चंद्रपाल सिंह नागर ने की । अपने वक्तव्य में चंद्रपाल सिंह नागर ने अपने छात्र जीवन के विविध संस्मरण साझा किए । उन्होंने बताया कि सन 1971 में जब उन्होंने एडमिशन लिया था उस समय कॉलेज में मात्र 03 ही अध्यापन कक्ष थे । कॉलेज के प्राध्यापक बहुत ही मेहनत से अध्यापन कार्य करते थे । बैच के सभी 36 विद्यार्थी अपने अध्यापकों का बहुत आदर सम्मान करते थे ।

विशिष्ट वक्ता के रूप में सेवानिवृत अध्यापक कटार सिंह ने अपने वक्तव्य में अपने छात्र जीवन के विविध संस्मरणों को साझा किया , यादों को जीवंत किया ।

बताया कि हम बहुत ही विषम परिस्थितियों में कॉलेज आकर पढ़ाई किया करते थे । यह बताया कि उनके परिवार के 10 लोगों ने इसी कॉलेज से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की । उन्होंने कॉलेज के अध्यापकों तथा आयोजन समिति की भूरि भूरि प्रशंसा की । पूर्व छात्र जय किशन ने कॉलेज के पूर्व दिवसों को याद करते हुए कहा कि कॉलेज में आकर सदैव अपनापन सा लगता है ।

यह कॉलेज गुलावठी क्षेत्र की शान है । पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष आकाश खारी ने कहा कि कॉलेज के विकास में हमने सदैव योगदान किया है और आगे भी करते रहेंगे । पूर्व छात्रा मीनाक्षी राणा ने भी अपने विद्यार्थी जीवन के विविध अनुभव को साझा किए । छात्र शिवकुमार ने अपने पूर्व के गुरुओं को याद किया तथा एक सच्चा मर्गदर्शक बताया । रोहित शर्मा ने स्वरचित रागनी द्वारा देश के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करने का कार्य किया । शुभकामना संदेश में कॉलेज प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने कॉलेज के प्रति पुरातन छात्रों के समर्पण एवम् जागृत भाव की प्रशंसा की तथा कहा कि यह महाविद्यालय अपने पुरातन छात्रों का सदैव दिल खोलकर स्वागत करेगा तथा कॉलेज के विकास में उनके सुझाव को सदैव प्राथमिकता देगा छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो पीयूष त्रिपाठी ने पुरातन छात्र परिषद के कार्य एवं नैतिक दायित्वों को बताया तथा कहा कि पुरातन छात्र कॉलेज के लिए सदैव सम्मान के पात्र हैं । पुरातन छात्र प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ हरीश कसाना ने सभी का स्वागत एवम् आभार प्रकट किया ।

संचालन पूर्व छात्र निशांत ने किया । संचालन करते हुए उन्होंने अपने विविध अनुभव साझा किए तथा स्वरचित कविता पाठ किया । कार्यक्रम में छात्रा अर्पिता कंसल, फातिमा, कपिल, नूपुर कंसल, सरिता नागर, शिवानी राणा, शिवा पीलवान, साधना शर्मा,अमित नागर, कपिल बिधूरी, विवेक कुमार, संकेत गोयनका, जैनब, दिव्या भारद्वाज आदि उपस्थित रहे ।

**https://dnpgcollege.ac.in/newsletter**

## Contact

**Devanagari Post Graduate College**
Gulaothi, Distt. Bulandshahr (U.P.) – 203408

**Phone:** (05732) 229052

**Email:** dnpgcgulaothi@gmail.com

**Google Map Location:** https://goo.gl/maps/JUmeTjymETudMEp77